एक नजर में

## पुणे के नोबल हॉस्पिटल ने रचा इतिहास

इंदौर. हडपसर के नोबल हॉस्पिटल्स एंड रिसर्च सेंटर ने कार्डियक केयर में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है. अस्पताल ने सफलतापूर्वक रोबोटिक लेफ्ट एट्रियल मिक्सोमा एक्सिशन किया- यह दिल के जटिल ट्यूमर को हटाने की सर्जरी है, जिसे पूरी तरह सर्जिकल रोबोट की मदद से छोटे की होल पोर्ट्स के जरिए किया गया. यह प्रक्रिया पुणे में की गई पहली रोबोटिक हार्ट सर्जरी, महाराष्ट्र की पहली और देश में अपनी तरह की केवल दूसरी सर्जरी है. इस ऐतिहासिक सर्जरी का नेतृत्व सीनियर कार्डियक सर्जन डॉ. धैर्यशील कणसे ने किया. उन्हें सीनियर ऑन्कोसर्जन डॉ. आशीष पोखरकर का सहयोग मिला। सर्जिकल टीम में डॉ. अनिरुद्ध ढेकणे और डॉ. एन. जाधव शामिल थे। एनेस्थीसिया की जिम्मेदारी डॉ. सम्राट मदनाइक और डॉ. पर्मिता दीक्षित ने संभाली, जबकि हार्ट-लंग मशीन का संचालन शशिकांत काले ने किया. नोबल हॉस्पिटल्स एंड रिसर्च सेंटर के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. दिलीप माने ने कहा यह उपलब्धि बेहद सटीक योजना, विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर और हमारी अत्यधिक कुशल मल्टीडिसिप्लिनरी टीम की मेहनत का परिणाम है.

## पुष्प ब्रांड ने आईपीओ के लिए आवेदन किया

इंदौर. पुष्प ब्रांड लिमिटेड ने प्रस्तावित प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल कर दिया है. इस इश्यू में सुरेंद्र कुमार सुराना और महेंद्र कुमार सुराना (प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक) सहित मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 7,445,000 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है. साथ ही ए91 इमर्जिंग फंड आई एलएलपी और सिक्स्थ सेंस इंडिया अपॉर्चुनिटीज 3 (इन्वेस्टर सेलिंग शेयरधारक) भी शामिल हैं. ए91 इमर्जिंग फंड आईएलएलपी ने 2020 में कंपनी में लगभग 125 करोड़ रुपये का निवेश किया था. इसकी कंपनी में 20.14% हिस्सेदारी है और वह इस ऑफर के माध्यम से अपनी हिस्सेदारी का केवल एक हिस्सा बेच रही है. इसी तरह सिक्स्थ सेंस इंडिया अपॉर्चुनिटीज 3 ने 2023 में लगभग 101 करोड़ रुपये का निवेश किया था। इसकी 7.81% हिस्सेदारी है और वह भी इस ऑफर के तहत अपनी हिस्सेदारी का केवल एक हिस्सा बेच रही है. पिछले कुछ वर्षों में कंपनी ने शुद्ध मसालों से लेकर मिश्रित मसालों, हींग और संबंधित श्रेणियों तक अपना विस्तार किया है.

## बढ़ती लागत पर भारी पड़ा भारतीय लघु उद्योगों का जज़्बा

इंदौर. सीपीए ऑस्ट्रेलिया के एशिया-प्रशांत लघु उद्योग सर्वेक्षण 2025/26 के अनुसार, भारतीय लघु उद्योगों ने वर्ष 2025 में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं. 2019 के बाद से यह इनका सबसे दमदार प्रदर्शन रहा है. हालांकि, खर्चों के बढ़ते बोझ ने भविष्य की राह में कुछ चुनौतियां ज़रूर पेश की हैं, लेकिन 2026 में विकास को लेकर इन कारोबारियों का हौसला बुलंद है. सर्वेक्षण के आंकड़े गवाही देते हैं कि बीते साल 80 प्रतिशत भारतीय लघु उद्योगों ने तरक्की की राह पकड़ी, जो एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 63 प्रतिशत के औसत के मुकाबले काफी आगे है. सीपीए ऑस्ट्रेलिया के फ़ेलो (एफसीपीए) और भारत में 'सीपीए ऑस्ट्रेलिया के प्रवक्ता अनिकेत तलाटी, ने कहा कि भारतीय एमएसएमई ने मजबूत घरेलू मांग के सहारे विस्तार की स्पष्ट तैयारी और आत्मविश्वास दिखाया है. उन्होंने कहा व्यवसाय और विकास को बढ़ावा देने वाली सरकारी नीतियों के साथ-साथ मुक्त व्यापार समझौतों के जरिए नए निर्यात बाजारों तक पहुंच बढ़ने से भारतीय एमएसएमई को आगे बढ़ने में मदद मिली है. शुल्कों के प्रभाव को कम करने में भी इन समझौतों की अहम भूमिका रही है.

## तनाएरा ने पेश किया साड़ियों का आधुनिक संग्रह




इंदौर. आज के दौर में जश्न का अंदाज़ अधिक निजी, अभिव्यक्तिपूर्ण और स्टाइल के प्रति सजग हो रहा है, इसी को ध्यान में रखते हुए तनाएरा लेकर आए हैं साड़ियों का आधुनिक कलेक्शन, जिसे खासतौर पर आज के दौर की महिलाओं के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो हर मौके के लिए अनुकूल, सहज और खूबसूरत दिखना चाहती हैं. इस कलेक्शन में किफ़ायती दाम पर फैशनेबल साड़ियां उपलब्ध हैं. लाईटवेट और फ्लोइ फैब्रिक से बना इनाया कलेक्शन, आराम और खूबसूरती का अनूठा संयोजन है. इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में अनिरबन बैनर्जी, रीटेल हैड, तनाएरा, ने कहा आज की महिलाएं खास मौकों पर पहने जाने वाले परिधानों पर विशेष रूप से ध्यान देती हैं. वे चाहती हैं, हर जश्न उनके व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं में निखार लाए. 'कभी एक जैसा न दिखने' की अवधारणा से प्रेरित इनाया कलेक्शन उनकी इसी सोच को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है, ताकि वे हर मौके पर अलग, अभिव्यक्तिशील और भव्य दिखाई दें. किफ़ायती दाम पर उपलब्ध इस रेंज के माध्यम से हम ऐसे 'ऑकेज़न वियर' पेश करना चाहते थे, ताकि महिलाएं अपने स्टाइल के साथ नए-नए एक्सपेरिमेंटकर सकें और आत्मविश्वास एवं आत्म-अभिव्यक्ति के साथ हर पल को अपना सकें. इस गर्मियों के शादी के सीज़न में, तनाएरा के 'ऑकेजन वियर'पोर्टफोलियो को और मज़बूत बनाने के लिए द वैली ऑफ़ फ्लावर्स और रास कलेक्शन पेश किए गए हैं. ये दोनों ही कलेक्शन खास मौकों के लिए कला, संस्कृति और आधुनिक डिज़ाइन पर आधारित पहनावे की अनोखी झलक दिखाते हैं,

## अमेज़न की 'वार्डरोब रिफ्रेश सेल' शुरू

इंदौर. अमेज़न फैशन ने अपनी बहुप्रतीक्षित वार्डरोब रिफ्रेश सेल (डब्ल्यूआरएस) के 18वें संस्करण की घोषणा कर दी है. यह सेल 28 मई से 2 जून तक चलेगी और इसमें ग्राहकों को फैशन और लाइफस्टाइल से जुड़ी ज़रूरी चीज़ों पर आकर्षक बचत मिलेगी. ग्राहक कपड़ों, सौंदर्य, फुटवियर, घड़ियों, लगेज, हैंडबैग, एक्सेसरीज़ और अन्य श्रेणियों में 1500 से अधिक प्रमुख ब्रांडों के 4 लाख से अधिक स्टाइल में से अपनी पसंद चुन सकते हैं और 50-80% की छूट पा सकते हैं. वार्डरोब रिफ्रेश सेल का यह संस्करण ट्रेंड कर रहे स्टाइल्स, रोज़ाना की ज़रूरी चीजें और प्रीमियम फैशन के चुनिंदा उत्पादों पर 50-80% छूट दे रहा है. यह शॉपिंग इवेंट ग्राहकों की बदलती प्राथमिकताओं को भी दर्शाता है, खासकर जनरेशन ज़ेड के ग्राहकों के बीच, जो खोज-आधारित और प्रेरणा-केंद्रित खरीदारी की ओर अग्रसर हैं और लगातार ट्रेंडी स्टाइल को किफायती दामों पर तलाश रहे हैं. इस जुलाई में, अमेज़न प्राइम डे अपने दसवें संस्करण के साथ भारत में वापस आ रहा है और प्राइम सदस्य शानदार डील्स, बड़ी बचत, रोमांचक नए लॉन्च और बहुत कुछ का लाभ उठा सकते हैं.

## गन्ने के बगास से तैयार किए सैनिटरी पैड्स

इंदौर. वर्ल्ड मेंस्ट्रुअल हाइजीन डे से पहले, टीम उड़ान ने गन्ने के खोई से दोबारा इस्तेमाल किए जाने वाले सैनिटरी पैड तैयार किए हैं. इस प्रोजेक्ट का मकसद इनकी पहुँच बढ़ाना, लागत कम करना और सैनिटरी कचरा घटाना है. भारत के कई हिस्सों में, माहवारी आज भी चुप्पी, कलंक और सुविधाओं की कमी से जुड़ी हुई है. अब, 'वर्ल्ड मेंस्ट्रुअल हाइजीन डे से ठीक पहले, दिल्ली के युवा छात्रों का समूह एक ऐसा समाधान विकसित करने के लिए सुर्खियाँ बटोर रहा है, जो इन दोनों ही समस्याओं से एक साथ निपटने का प्रयास करता है. अनुप्रिया नायक के नेतृत्व में, टीम उड़ान – लड़कियों की एक छात्र इनोवेशन टीम – ने गन्ने के बगास (गन्ने का रस निकालने के बाद बचा हुआ सूखा रेशेदार कचरा) से बने दोबारा इस्तेमाल किए जाने वाले सैनिटरी पैड तैयार किए हैं. इस विचार को सेमसंग की पहल सॉल्व फॉर टुमॉरो के तहत शुरुआती चरण में सहयोग मिला; यह एक ऐसा कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य युवा छात्रों को विज्ञान और तकनीक का उपयोग करके वास्तविक दुनिया की सामाजिक समस्याओं को हल करने के लिए प्रोत्साहित करना है. टीम के अनुसार, इस पहल ने उन्हें मेंटरशिप, तकनीकी मार्गदर्शन और अनुभव प्रदान किया.

## नियमों के उल्लंघन में सट्टेबाजी और रियल एस्टेट सबसे आगे

इंदौर. एडवर्टाइजिंग स्टाण्डर्ड्स काउंसिल ऑफ इंडिया (एएससीआई) ने अपनी सालाना शिकायत रिपोर्ट 2025-2026 जारी की है. तमाम सरकारी रोक-टोक के बावजूद, विदेशों से चलने वाली सट्टेबाजी (ऑफशोर बेटिंग) से जुड़े विज्ञापन नियमों को तोड़ने में सबसे आगे रहे, जिनके खिलाफ सबसे ज़्यादा 6,933 मामले सामने आए. इसके बाद रियल एस्टेट (643 मामले), पर्सनल केयर यानी ब्यूटी प्रोडक्ट्स (576 मामले), खाने-पीने की चीजें (331 मामले) और ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज एक्ट का उल्लंघन करने वाली दवाइयां या जादुई इलाज के दावे (274 मामले) रहे. एएससीआईने साल 2025-26 में कुल 11,581 मामलों की जांच की, जो पिछले साल के मुकाबले 21% ज़्यादा है. एएससीआई के चेयरमैन सुधांशु वत्स ने कहा इस साल की शिकायतों का डेटा विज्ञापन जगत की उस तस्वीर को दिखाता है जो कड़ी प्रतिस्पर्धा, तेज रफ्तार और डिजिटल फैलाव की वजह से बदल रही है. इस रिपोर्ट के नतीजे बताते हैं कि डिजिटल विज्ञापनों में सख्त जवाबदेही, दावों के बेहतर वैज्ञानिक सबूत, इन्फ्लुएंसर्स के ज़िम्मेदाराना व्यवहार और विज्ञापन जारी होने से पहले ही निगरानी रखने वाले तौर-तरीकों की सख्त ज़रूरत है.

# कलेक्टर, पुलिस कमिश्नर व अन्य अधिकारियों ने बसों में बैठकर लिया तैयारियों का जायजा

- इंदौर में 9 से 13 जून तक होने वाले अंतरराष्ट्रीय ब्रिक्स कृषि सम्मेलन की व्यापक तैयारियां जारी





**इंदौर.** इंदौर में 9 से 13 जून तक कृषि विषय पर अंतरराष्ट्रीय महत्व का ब्रिक्स सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है. सम्मेलन में ब्रिक्स देशों के मंत्रीगण, वरिष्ठ अधिकारी एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल शामिल होंगे. आयोजन को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस एवं नगर निगम द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं. इसी क्रम में आज पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह और कलेक्टर श्री शिवम वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न कार्यक्रम स्थलों, बैठक स्थलों तथा अतिथियों के आवागमन मार्ग का निरीक्षण किया.

अधिकारियों ने एयरपोर्ट से लेकर अतिथियों के ठहरने के स्थानों तथा आयोजन स्थलों तक की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और निर्देश दिए कि मेहमानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो. साथ ही मालवा की सांस्कृतिक गरिमा और पारंपरिक आतिथ्य के अनुरूप उनका स्वागत-सत्कार सुनिश्चित किया जाए. इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया. निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने एयरपोर्ट से मेरियट होटल और शैरेटन ग्रेंड पैलेस तक के मार्ग का बसों के माध्यम से भ्रमण किया. इस दौरान नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, इंदौर विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. परीक्षित झाड़े, स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन, एमपीआईडीसी के कार्यकारी अधिकारी हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, रोशन राय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

**रूट प्लान का सूक्ष्म निरीक्षण किया**-कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि अधिकारियों की ब्रीफिंग, दायित्व निर्धारण और समन्वय संबंधी कार्य लगातार किए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट से लेकर बैठक स्थलों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के ठहरने वाले स्थानों तक पूरे रूट प्लान का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया है. प्रशासन, पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटी हुई है. यह आयोजन इंदौर और भारत के लिए गौरव का अवसर है। इसलिए प्रशासन पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है ताकि आयोजन में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे.

**नवाचारों को किया जाएगा प्रदर्शित**

कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में प्रदेश में कृषि वर्ष मनाया जा रहा है. इसी के तहत सम्मेलन में कृषि क्षेत्र में प्रदेश की उपलब्धियों और नवाचारों को प्रदर्शित किया जाएगा. ढक्कन वाला कुआं स्थित हाट बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर कृषि आधारित प्रदर्शनियां एवं स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां अंतरराष्ट्रीय मेहमानों को प्रदेश के कृषि विकास मॉडल और नवाचारों की जानकारी दी जाएगी।

# बिजली बिल के नाम पर साइबर ठगी का नया जाल

- एपीके फाइल डाउनलोड करते ही खाली हो सकता है खाता
- रात में बिजली काटने का मैसेज आया हो तो हो जाएं अलर्ट
- साइबर अपराधियों का नया हथकंडा

नवभारत न्यूज

**इंदौर. सावधान! बिजली कंपनी एपीके फाइल नहीं भेजती, साइबर ठगों के नए जाल से बचें. साइबर अपराधियों ने अब बिजली बिल और बिजली कटौती के नाम पर लोगों को ठगने का नया तरीका अपनाया है.**

बिजली वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं को चेतावनी जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि कंपनी कभी भी किसी उपभोक्ता को एपीके फाइल डाउनलोड करने के लिए नहीं भेजती. यदि वाट्सएप या अन्य माध्यम से ऐसी फाइल प्राप्त होती है, तो उसे तुरंत नजरअंदाज करें, क्योंकि इसे डाउनलोड करते ही मोबाइल हैक होने और बैंक खाते से ऑनलाइन ठगी होने का खतरा बढ़ जाता है. कंपनी ने बताया कि रात 9.30 बजे बिजली काटने, बिल बकाया या तत्काल भुगतान जैसे संदेश भेजकर साइबर ठग उपभोक्ताओं को डराने का प्रयास कर रहे हैं. इन संदेशों में एपीके फाइल डाउनलोड करने या किसी लिंक पर क्लिक करने का दबाव बनाया जाता है. जैसे ही उपभोक्ता फाइल डाउनलोड करता है, मोबाइल का एक्सेस साइबर अपराधियों के हाथ में पहुंच सकता है. बिजली कंपनी ने स्पष्ट किया है कि उसके अधिकृत संदेश केवल विधिवत एसएमएस या अधिकृत वाट्सएप माध्यम से भेजे जाते हैं, जिन पर एमपीएसईबीडब्ल्यू-एस या एमपीपीकेवीवीसी लिखा होता है. इन संदेशों में किसी व्यक्तिगत मोबाइल नंबर का उल्लेख नहीं होता.

**बैंकिंग या ओटीपी संबंधी जानकारी साझा न करें**

कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध संदेश, लिंक या एपीके फाइल पर क्लिक न करें और अपनी बैंकिंग या ओटीपी संबंधी जानकारी किसी से भी साझा नहीं करें. संदेह की स्थिति में तुरंत बिजली कंपनी के जोन कार्यालय या वितरण केंद्र से संपर्क करें. विशेषज्ञों का मानना है कि जागरूकता ही साइबर क्राइम का सबसे प्रभावी तोड़ है. थोड़ी सी सतर्कता लोगों को बड़ी आर्थिक ठगी से बचा सकती है.

# विश्वविद्यालय की गरिमा और अनुशासन पर डीएवीवी सख्त

- कार्यपरिषद् की बैठक में लिए कई अहम निर्णय
- क्लास रूम कॉम्पलेक्स निर्माण के प्रस्ताव को सैद्धांतिक स्वीकृति

नवभारत न्यूज

**इन्दौर.** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद् की बैठक नालंदा परिसर में आयोजित हुई. बैठक की शुरुआत विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सीजीएचएस दरों पर ओपीडी और जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पांच अस्पतालों- जुपिटर, चोइथराम, अरविंदो, गोकुलदास एवं अग्रवाल इंस्टीट्यूट ऑफ आई केयर—के साथ सहमति पत्र के आदान-प्रदान से हुई.

बैठक में वित्त समिति एवं स्टैंडिंग कमेटी की अनुशंसाओं को मंजूरी दी गई. आईईटी परिसर में जैन शोध पीठ भवन निर्माण हेतु पुलिस हाउसिंग बोर्ड के साथ एमओयू करने तथा विश्वविद्यालय में कक्षाओं की कमी दूर करने के लिए क्लासरूम कॉम्पलेक्स (सीआरसी) निर्माण के प्रस्ताव को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई. कार्यपरिषद् ने शिक्षकों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों को प्राइवेट अभ्यर्थी के रूप में लगातार दो पाठ्यक्रम करने के लिए तीन वर्ष के अंतराल की अनिवार्यता समाप्त करने का निर्णय लिया. दीक्षांत समारोह में दिए जाने वाले स्वर्ण एवं रजत पदकों की निर्माण लागत बढ़ने के कारण दानदाताओं की जमा राशि बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई. स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एवं आईटी के विभागीय पुस्तकालय का नाम पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. राजकमल नॉलेज सेंटर रखने, विषय विशेषज्ञों के मानदेय में वृद्धि तथा युवक रेडक्रॉस गतिविधियों के नियमित संचालन हेतु शुल्क निर्धारण के प्रस्तावों को भी स्वीकृति मिली.

**ये महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए...**

बैठक में विश्वविद्यालय में हाल में हुई अप्रिय घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गई. विश्वविद्यालय की गरिमा, अनुशासन, सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य एवं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए. कार्यपरिषद् सदस्य डॉ. ए.के. द्विवेदी ने आगामी शैक्षणिक सत्र से विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से प्रवेश के समय 'देवी अहिल्या विद्यार्थी संकल्प पत्र' भरवाने का प्रस्ताव रखा, जिसमें अनुशासन, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति और डिजिटल तकनीक के सदुपयोग के प्रति प्रतिबद्धता शामिल होगी.

# 6 हजार लीटर नकली बायो डीजल जब्त, पंप सील

- नकली बायोडीजल बिक्री पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

**इंदौर. जिले में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति संबंधी परिस्थितियों का लाभ उठाकर नकली बायोडीजल की बिक्री किए जाने के मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है. देपालपुर क्षेत्र के मेथवाडा स्थित मे. इंदौर बायो एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड बायोडीजल पंप पर छापामार कार्रवाई करते हुए उसे मौके पर ही सील कर दिया गया. साथ ही करीब 6,000 लीटर नकली बायोडीजल जब्त किया गया, जिसकी कीमत लगभग 4 लाख 20 हजार रुपये से अधिक आंकी गई है.**

मुख्यमंत्री के निर्देशों के तहत पेट्रोल, डीजल और बायोडीजल में किसी भी प्रकार की मिलावट एवं अवैध बिक्री पर सख्त कार्रवाई के क्रम में यह जांच की गई. प्रारंभिक जांच में पाया गया कि पंप पर मानकों के विपरीत ईंधन की बिक्री की जा रही थी और अनाधिकृत फर्म से सप्लाई ली जा रही थी.

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि पंप संचालक राज्य सरकार से अधिकृत छह लाइसेंसधारी कंपनियों के बजाय अवैध स्रोतों से बायोडीजल प्राप्त कर रहा था. मौके पर लिए गए नमूनों में बायोडीजल की डेंसिटी 860 पाई गई, जबकि निर्धारित मानक 900 से अधिक होना चाहिए. कार्रवाई सहायक आपूर्ति अधिकारी शिव सुंदर व्यास और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अजय अस्थाना द्वारा की गई। टीम ने पंप, डिस्पेंसरी यूनिट और भूमिगत टैंक को सील कर दिया.



**नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे**

बताया गया कि शिकायत मिलने के बाद खाद्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की, जिसमें अनियमितताएं सामने आईं. इसके बाद पंप पर तत्काल प्रभाव से बिक्री बंद कर दी गई और नमूने जांच के लिए अधिकृत प्रयोगशाला भेजे गए हैं. रिपोर्ट आने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पेट्रोलियम उत्पादों में मिलावट या अवैध कारोबार पर सख्त निगरानी रखी जा रही है और ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई जारी रहेगी.




# साहित्य साधना के लिए सिसौदिया सम्मानित

**इंदौर. श्री कलामोहन भाषा, साहित्य एवं संगीत केंद्र, सुखेड़ा द्वारा आयोजित वार्षिक प्रेरणा सम्मान समारोह 2026 में साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु इंदौर निवासी साहित्यकार देवेंद्रसिंह सिसौदिया को प्रेरणा सम्मान से अलंकृत किया गया. यह सम्मान उनकी चर्चित कृति 'शुभ मुहूर्त' पर प्रदान किया गया.**

समारोह में स्वामी चैतन्यानंद महाराज भूटान, डॉ. शैलेन्द्र कुमार शर्मा कुलानुशासक, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन, पुरातत्वविद् डॉ. आर. सी. ठाकुर महिदपुर, लोक संस्कृति संवाहिका भारती सोनी झाबुआ एवं संस्था निदेशक डॉ. कारुलाल जमड़ा 'कारुण्य' के करकमलों द्वारा श्री सिसौदिया को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में साहित्य, संस्कृति एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. समारोह में वक्ताओं ने साहित्य एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन में साहित्यकारों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला.

# केयर सीएचएल चिकित्सालय के निरीक्षण में मिली कमियां, नोटिस जारी

नवभारत न्यूज

**इंदौर.** स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शहर के केयर सी.एच.एल. चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान अस्पताल के विभिन्न विभागों में कई कमियां और दस्तावेजी अनियमितताएं पाई गईं, जिसके आधार पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया.

निरीक्षण रिपोर्ट में ओपीडी, आकस्मिक विभाग, फार्मेसी, कार्डियक एवं न्यूरो सर्जरी आईसीयू, ऑपरेशन थिएटर, एमआरडी, पीसी पीएनडीटी, पैथोलॉजी लैब, ब्लड बैंक, मुख्य प्रवेश द्वार तथा भवन रखरखाव से जुड़े रिकॉर्ड में त्रुटियां और आवश्यक मानकों की अनुपालना में कमी पाई गई. रिपोर्ट के आधार पर संबंधित अस्पताल प्रबंधन को नोटिस जारी किया गया है तथा पंजीयन निरस्ती की प्रक्रिया के तहत एक कैलेंडर माह की सूचना भी दी गई है. स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि निजी अस्पतालों में मानक सुविधाओं, दस्तावेजों और मरीज सुरक्षा से जुड़े नियमों का पालन अनिवार्य है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि तय समय सीमा में सुधार नहीं होने पर आगे की सख्त कार्रवाई की जा सकती है.

# यूनिवर्सल हॉस्पिटल की सभी सोनोग्राफी मशीनें सील

- अपंजीकृत डॉक्टरों पर कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**इंदौर. शहर के यूनिवर्सल हॉस्पिटल एंड केयर सेंटर पर पीसीपीएनडीटी नियमों के उल्लंघन और अपंजीकृत चिकित्सकों के कार्यरत पाए जाने के मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है.**

अस्पताल की सभी अल्ट्रासोनोग्राफी सोनोग्राफी मशीनों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है तथा पीसीपीएनडीटी पंजीयन के नवीनीकरण पर रोक लगा दी गई है. कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी द्वारा अस्पताल का औचक निरीक्षण कराया गया था, प्रारंभिक जांच में कई अनियमितताएं सामने आने के बाद विशेष टीम गठित कर पुनः निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि अस्पताल में दो अपंजीकृत चिकित्सक- डॉ. अर्पित जैन और डॉ. सचिन भटेले- इको संबंधी कार्य कर रहे थे, जो नियमानुसार अनुमत नहीं है. इस गंभीर अनियमितता की जानकारी कलेक्टर को दी गई, जिसके बाद तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए. इसके बाद पीसीपीएनडीटी दल की डॉ. कल्पना भटनागर और श्रीमती दीपमाला बमने की टीम ने मौके पर पहुंचकर सभी सोनोग्राफी मशीनों को सील किया और पंचनामा तैयार किया. प्रशासन ने अपंजीकृत चिकित्सकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं तथा स्पष्ट किया है कि पीसीपीएनडीटी अधिनियम के उल्लंघन पर आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी.



एक नजर में — नृत्य जत्रा की कार्यशाला का दूसरा दिन...

# तरफा नृत्य, गोलम आदिवासी सहित पारंपरिक लोकनृत्य का दिया प्रशिक्षण

**इंदौर. नई पीढ़ी को भारतीय लोक संस्कृति और पारंपरिक कला से जोड़ने के उद्देश्य से मराठी सोशल ग्रुप द्वारा आयोजित चार दिवसीय लोककला एवं लोकनृत्य कार्यशाला में तरफा नृत्य, गोलम आदिवासी, धनगर, नमन, कोली, सीतकरी, वारकरी दिंडी सहित अन्य विभिन्न लोकनृत्यों का प्रशिक्षण दिया.**

ज्योत्स्ना सोहनी एवं तृप्ति महाजन ने बताया कि कार्यशाला में प्रतिभागियों को यह प्रशिक्षण मुबंई के प्रसिद्ध नृत्य निर्देशक, अभिनेता व लेखक अनिल नरहर सुतार द्वारा दिया गया. कार्यशाला के दूसरे दिन लोकमान्य नगर स्थित लोकमान्य विद्या निकेतन में जूनियर वर्ग के प्रतिभागी सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक और सीनियर वर्ग के प्रतिभागी दोपहर तीन बजे से शाम सात बजे तक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है. कार्यशाला को अपेक्षा से अधिक उत्साहजनक प्रतिसाद मिला है। जूनियर और सीनियर दोनों वर्गों में प्रतिभागियों की संख्या इजाफा हुआ रविवार को कार्यशाला का अंतिम दिन रहेगा. उस दिन शाम को सभी प्रशिक्षुओं द्वारा विभिन्न नृत्य समूह में रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी.



# मन की आंखों से दृष्टिबाधित पढ़ेंगे 1 जून को कविताएं

- अनूठा कवि सम्मेलन होगा प्रेस क्लब सभागार में

इंदौर. राष्ट्रीय कलमकार मंच एवं सत्य-ज्योति फांउडेशन के तत्वावधान में 1 जून को शाम 6 बजे से इंदौर प्रेस क्लब के सभागार में मन की आंखें भी कहती है कविताएं शीर्षक अ.भा.दृष्टिबाधित कवि सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है. शहर में यह पहला अनूठा कार्यक्रम है जो पूर्णत: दृष्टिबाधित कवियों साहित्यकारों को सम्मान करते हुए समर्पित होगा.

उक्त जानकरी मंच के अध्यक्ष डॉ. प्रोफेसर पंकज विरमाल, शिव गुप्ता ने देते हुए बताया कि इस मौके पर देश की प्रसिद्ध दृष्टिबाधित कवियित्री डॉ. आरिफा शबनम आगरा, रामखिलाडी स्वदेशी मथुरा-





वृंदावन, राजेश आसुदानी नागपुर, तथा अकबर ताज खंडवा सभी मन की आंखों से कविताएं सुनाएंगे. इस अवसर पर लखनऊ की प्रख्यात कवियित्री विजय लक्ष्मी मिश्रा को अहिल्याबाई अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा. कवि सम्मेलन का संचालन सत्येन वर्मा सत्येन करेंगे. कार्यक्रम के मुख्यअतिथि होंगे समाजसेवी सुभाष खंडेलवाल, एस.एन.गोयल, पूर्व मंत्री दिलीप राजपाल, महामण्डलेश्वर राजकुमार अग्रवाल, विजय चौरडिया. यह अनूठा कार्यक्रम सभी के लिए खुला है.